हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 जून 2026



06 दवाओं के बगैर पक्के बिल के हो रहा है करोड़ों...



07 माफिया बेखौफ: सड़क पर रेत डालकर हो रहा कारोबार, आमजन और...



## खबर संक्षेप

### सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने चुराए जेवरात

**नर्मदापुरम।** कोतवाली थाना अंतर्गत आनंद नगर आदमगढ़ क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 85 हजार की सामग्री से हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है आनंद नगर आदमगढ़ निवासी महेश गौर के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात जो कि लगभग 85,000 कीमत के हैं, लेकर रफू चक्कर हो गए।इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### 283 बूथों पर होगा कार्यक्रम मन की बात

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला के मार्गदर्शन में 28 जून, रविवार को प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी प्रशांत दीक्षित ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के पूर्व कार्यकर्ता जुटेंगे।

### पलकमती नदी संरक्षण के कार्यों को लेकर आयुक्त ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त भोंडवे ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र आयुक्त संकेत भोंडवे ने गुरुवार शाम सोहागपुर नगर क्षेत्र में अमृत 2.0 योजनांतर्गत किये जा रहे हैं कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पलकमती नदी संरक्षणार्थ किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। तथा आवश्यक निर्देश नगर परिषद सोहागपुर को दिये हैं। सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर परिषद सोहागपुर में अमृत 2.0 एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त संकेत भोंडवे ने निर्देश दिये कि पलकमती नदी में मिल रहे सभी नालों को रोककर अपशिष्ट जलोपचार सुनिश्चित किया जाए। इससे नदी को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने की दिशा में प्रभावी कार्य हो सकेंगे। उन्होंने एसटीपी परिसर में सघन पौधारोपण कराने तथा सीड बॉल के माध्यम से सरकार के अमृत हरित पौधारोपण अभियान संचालन के निर्देश दिये।

नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र आयुक्त संकेत भोंडवे ने गुरुवार शाम सोहागपुर नगर क्षेत्र में चल रहे हैं कार्यों का निरीक्षण किया



निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सचिन कडु, संयुक्त संचालक राजकुमार इवनाती, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, सहायक यंत्री वैशाली पांडे, पीआईयू से एन भान, कंसल्टेंट राहुल त्रिपाठीआदि मौजूद रहे।

#### कम हो व्यय

आयुक्त संकेत भोंडवे ने नप अधिकारियों से चर्चा में कहा कि निकाय शासकीय योजनाओं के संचालन में विद्युत व्यय को कम करने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के दीर्घकाल तक एवं सतत संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कंस्ट्रक्टेड वेटलेंड टेक्नोलॉजी को शामिल करें। इसके लिये जरूरी निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश भी भोंडवे ने दिये।

#### जल संरचनाओं से रहा लगाव



उल्लेखनीय है कि संकेत भोंडवे पूर्व में नर्मदापुरम में कलेक्टर भी रह चुके हैं। तथा उस अवधि में भी उनका जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य से विशेष लगाव रहा। नर्मदापुरम् कलेक्टर रहते हुए उन्होंने जिले में नर्मदा नदी की सहायक नदियों, तालाबों सहित अन्य जलस्त्रोतों के संरक्षण के लिये कार्य करने पर बहुत जोर दिया था। वर्ष 2015-16 में नगर सोहागपुर में पलकमती नदी के संरक्षणार्थ किये गए शासकीय व सामूहिक प्रयासों का अवलोकन करने भी भोंडवे सोहागपुर आते रहते थे। उन्होंने पलकमती सहित अन्य नदियों के संरक्षण के लिये जन सहयोग प्राप्त करने पर भी विशेष जोर दिया था। गुरुवार को भी सोहागपुर पहुंचे आयुक्त संकेत भोंडवे ने पलकमती नदी को बचाने की बात पर विशेष बल दिया है।

#### बनाओ विस्तृत कार्ययोजना

संकेत भोंडवे ने कहा कि नगर की जीवन रेखा व पहचान पलकमती नदी के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें व इस हेतु समयबद्ध रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी उन्होंने दिये हैं। आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का निरंतर अवलोकन होगा तथा आगामी समय में भी पुनः निरीक्षण करेंगे।

## तीन किलो गांजा सहित पथरोटा पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया

### गांजे की कीमत करीब 45 हजार आंकी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले की पथरोटा थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 3 किलो 212 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपए है। पुलिस ने यह कार्रवाई 26 जून की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच इटारसी के पास की।

#### ट्राली बैग में मादक पदार्थ होने की मिली सूचना

पथरोटा पुलिस को 26 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम जुझारपुर रेलवे फाटक के आगे कोल डिपो के पास रेलवे लाइन के किनारे एक युवक फिरोजी रंग का ट्रॉली बैग लेकर खड़ा है। वह गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुशील पटेल पिता रघुनंदन पटेल (31) बताया। पुलिस ने जब उसके ट्रॉली बैग की तलाशी ली, तो उसमें खाकी टेप से लिपटे दो पैकेट मिले। तौल करने पर पहले पैकेट में 2 किलो 168 ग्राम और दूसरे पैकेट में 1 किलो 44 ग्राम कुल मिलाकर 3 किलो 212 ग्राम गांजा पाया गया।

पथरोटा पुलिस ने आरोपी सुशील पटेल को मादक पदार्थ एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह गांजा कहां से खरीदकर लाया था और शहर में इसे किसे सप्लाई करने वाला था।

## हाईवे किनारे अस्थाई दुकानों से बिगड़ रही नगर की पहचान, बन रहा जाम वाला शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पान और सुराही के लिए मशहूर रहे सोहागपुर की पहचान अब जाम वाले शहर के रूप में हो रही है। स्टेट हाईवे किनारे अस्थाई दुकानों के कारण दिन में दर्जनों बार जाम लगने से नागरिक परेशान होते हैं। मुख्य बाजार के अंदरुनी मार्ग पर भी प्रतिदिन जाम लगता है। लोडिंग वाहन मुख्य मार्ग पर खड़ेकर सामग्री उतारी जाती है। जिसके कारण दिन में दर्जनों बार बाजार में जाम की स्थिति बनती है।

## विदेश में जन्मीं बिटिया का गायत्री परिवार ने कराया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गायत्री परिवार की बहनों द्वारा एडिनबरा (यूके) में जन्मी बालिका मिराया सिंह का वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के साथ अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। बालिका की माता प्रियांशु सिंह, जो सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं तथा अपने पति हर्षदीप सिंह के साथ वर्तमान में एडिनबरा (यूके) में निवास करती हैं, इन दिनों अपने पिता उमेश कुमार सिंह के निवास नारायण नगर, नर्मदापुरम आई हुई हैं। विदेश में निवास करने के बावजूद उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक संस्कारों के प्रति अपनी आस्था बनाए रखते हुए स्वयं ने गायत्री परिवार के में गरू दीक्षा ली एवं अपनी पुत्री मिराया सिंह का भी अन्नप्राशन संस्कार गायत्री परिवार के माध्यम से संपन्न कराया।


संस्कार वैदिक विधि-विधान एवं गायत्री मंत्रों के मंगलमय उच्चारण के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार की बहनों पुष्पा दुबे, बिनीता सोनी, माया ठाकुर, संध्या मांगरोल, शकुन पटवा, अनीता जाट, उषा थापक, गायत्री यादव, सोनू राजपूत एवं अन्नू झिंझोरे ऊषा कुशवाह, सीमा यादव सहित लगभग एक दर्जन बहनों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए संस्कार को सफल बनाया।

## नवागत नपा सीएमओ ने ली बारिश में बनने वाली स्थितियों की जानकारी, निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा नगर बीटीआई क्षेत्र में नाले और पंप हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी, वार्ड सुपरवाइजर, स्वच्छताकर्मी उपस्थित रहे।

स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव, सीएमओ वैभव देशमुख और स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते आज सीएमओ द्वारा निरीक्षण किया गया।



शनिवार को सीएमओ श्री देशमुख द्वारा नगर बीटीआई क्षेत्र में नाले पर बने पंप हाउस का निरीक्षण किया गया। बारिश में बनने वाली स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी नाले नालियों को उपयुक्त सफाई करें।

## बीज बोने से लेकर फसल बेचने तक परेशान हो रहे अन्नदाता, हर जगह लग रही कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

इन दिनों किसान फिर परेशान नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगरों के किसान जहां मूंग को बेंचने के लिए परेशान है वहीं दूसरी ओर बोवनी के लिए खाद, यूरिया और बीज के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। वर्तमान में किसानों को फसल लगाने के लिए बीज चाहिए खाद डीएपी खाद यूरिया या कुछ भी चाहिए तो लाईन में लगकर ही मिल सकेगा। किसान अपनी फसल बेंचने के लिए स्लाट बुकिंग में पंजीकरण कराने में लाइन लगाए तुलाई कराना है तो लाईन में लगकर ही कुछ कार्यवाही हो सकेगी और तो और अब किसानों को मंडी में अनाज बैंचना है



तो भी लाइन लगी है। कृषि उपज मंडी में जो किसान अपना अनाज बेंचना चाहते है तो लाईन में लगकर ही पहले प्रवेश पर्ची कटवाएं उसके बाद ही किसानों को मंडी परिसर में प्रवेश करने दिया जाएगा। उसके बाद ही फसल बेंच सकते हैं। सुबह अनाज से भरी ट्राली लाने के बाद किसानों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। आधार कार्ड धारक की ही आनलाइन प्रवेश पर्ची कटेगी उसके बाद ही अनाज की नीलामी होगी। कुल मिलाकर सभी जगह किसान परेशान हो रहे हैं। इस बात को लेकर कृषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके से चर्चा की तो उनका कहना है । पहले ही प्रवेश पर्ची कटेगी उसके बाद ही कुछ कार्यवाही होगी । लेकिन पर्ची काटने के लिए गेट पर ही 5 कंम्पयूटर आपरेटर सेवा दे रहे हैं। सर्वर डाउन होने के कारण बिलंब हो गया होगा ।

### सोहागपुर को मिला दवा पिलाने का लक्ष्य

**सोहागपुर।** जिले में सरकार की योजना के अनुसार पोलियो उन्मूलन प्रारंभ अभियान प्रारंभ होगा। जिसके अंतर्गत समूचे जिले में 1,48,437 बच्चों को जिंदगी की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि सोहागपुर ब्लॉक को 19,621 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके लिए 15,697 पोलियो बूथ प्रथम दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1,18,750 पोलियो बूथ निर्धारित किये गए हैं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज पोलियो अभियान के अंतर्गत सभी बूथों सहित सभी ब्लॉक्स के शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सुबह किया जाएगा। इसके बाद सभी बूथों पर दिनभर बच्चों को दवा पिलवाई जाएगी।

## मूंग की खरीदी को लेकर किसानों का सरकार को अल्टीमेटम

### कृषि उपज मंडी में आयोजित हुई भारतीय किसान संघ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय किसान संघ ने जिले में मूंग की बंपर पैदावार के बावजूद सरकार द्वारा केवल 25 प्रतिशत मूंग खरीदने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की 100 प्रतिशत मूंग की सरकारी खरीद नहीं की गई, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। यह घोषणा शनिवार को कृषि उपज मंडी में आयोजित एक बैठक में की गई।

बैठक में प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने बताया कि इस वर्ष मूंग का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि सीमित खरीद के कारण किसानों को अपनी उपज औने-पौने



दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दीवान ने सरकार से किसानों की संपूर्ण मूंग फसल खरीदने की मांग की। प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल ने भारतीय किसान संघ के किसान हितों के लिए लगातार संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर कदम नहीं उठाए गए, तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। किसानों ने बैठक में खाद संकट और गेहूं के लंबित भुगतान का मुद्दा भी उठाया। जिला सहमंत्री रजत दुबे ने बताया कि यूरिया के टोकन कटने के बावजूद किसानों को डीएपी नहीं मिल रही है। इसके साथ ही, गेहूं बेचने के एक महीने बाद भी किसानों का भुगतान लंबित है।

#### प्रशासन को दी चेतावनी मांगें पूरी करे सरकार

तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी ने खरीफ सीजन के लिए किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, समय पर ट्रांसफार्मर बदलने और जर्जर बिजली लाइनों की मरम्मत करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो किसान संघ आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। इस बैठक में जिलाध्यक्ष ओमकार राजपूत, जिला मंत्री शंकरसिंह पटेल, सहमंत्री रजत दुबे सहित बड़ी संख्या में किसान पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## मां नर्मदा सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शनिवार को माँ नर्मदा सहयोग संस्था द्वारा लखनऊ में हुई आग जनी दुर्घटना में हताहत हुए बच्चों को भाव भीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने हाथ में सभी बच्चों की तस्वीर लेकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण घटना है कि मासूम बच्चे जो अपना कैरियर बनाने कोचिंग में पढ़ाई कर रहै थे पर किसको पता था कि उनकी इतनी दर्दनाक मृत्यु होना है।

इस दौरान संस्था संरक्षक सफलता तिबारी, नीरजा फौजदार, रामगोपाल चौबे, आर एस चौहान, एन सी जैन, कमल झा, अशोक श्रीवास्तव, जयंती जैन, अनीता आर एल जैन, आशा बाजपेयी, रानी अरोरा, सिमरन अरोरा, सुषमा गुप्ता, सुनीता अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

### साइबर अपराधों पर लगाम लगाने पुलिस ने चलाया अभियान

## पचमढ़ी पुलिस की अनूठी पहल, ग्रामीणों को सिखाई साइबर सुरक्षा , बच्चों को बांटे बिस्किट और चॉकलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और आमजन को जागरूक करने के लिए पचमढ़ी पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज, दिनांक 27 जून 2026 को थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा एवं पुलिस स्टाफ के द्वारा ग्राम सिंगनामा पहुंचकर एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्रीमती सुरेखा निमोदा ने ग्रामीण जनों को वर्तमान में हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके सिखाए। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए जानकारी दी।



**ओटीपी फ्रॉड:** किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर अपना ओटीपी शेयर न करें।

**केवाईसी फ्रॉड:** बैंक के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल या लिंक से सावधान रहें और बिना जांचे केवाईसी अपडेट न कराएं।

**यूपीआई फ्रॉड:** पैसे प्राप्त करने के लिए कभी भी पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

**एटीएम स्वैप:** एटीएम बूथ पर किसी भी अनजान व्यक्ति की मदद न लें और अपना कार्ड सुरक्षित रखें।

साइबर जागरूकता के साथ-साथ पचमढ़ी पुलिस ने ग्राम सिंगनामा के बच्चों के साथ भी समय बिताया। पुलिस स्टाफ द्वारा ग्रामीण बच्चों को बिस्किट एवं चॉकलेट वितरित की गई। इस दौरान थाना प्रभारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ने-लिखने और जीवन में आगे बढ़ने की समझाइश दी। पुलिस के इस आत्मीय व्यवहार को देखकर ग्रामीण जनों ने पचमढ़ी पुलिस की इस अनूठी पहल की सराहना की।

#### थाना प्रभारी की अपील

साइबर अपराधी रोज़ नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता ही आपको इस ठगी से बचा सकती है। किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## नर्मदापुर युवा मंडल का स्थापना दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वयंसेवी संस्था नर्मदापुर युवा मंडल का स्थापना दिवस शुक्रवार को मंडल कार्यालय में उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संस्था की 31 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए समाजहित में किए गए कार्यों का उल्लेख किया तथा आगामी वर्ष के लिए विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और जनजागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी सदस्यों ने संस्था की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विजय दिवोलिया , दीपक हेमनानी , हरि शर्मा , नीलेश खंडेलवाल, अनिल दुबे , रूपेश राजपूत, प्रशांत कनौजिया , अभिषेक सोनी , शशिकांत तिवारी, कमलराव चव्हाण आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### लूट के पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बैतूल/सारनी।** बेलोण्ड घाट सारणी में हुई लूट (डकैती) के 5 आरोपियों को सारणी पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। 25 जून को फरियादी फरहान अंसारी पिता नजरूल अंसारी (26) निवासी वार्ड 19 गाँधी नगर पाथाखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 जून को वह अपने दोस्त सागर नागले व प्रेम गुजरे के साथ मोटरसाईकिल से मुलताई से शादी कर वापस आ रहे थे कि रास्ते मे बेलोण्ड घाट सारणी पर 5 अज्ञात लोग 2 मोटरसाईकिल से आये और रास्ते रोककर मारपीट कर जबरदस्ती 4800 रूपये एवं तीन मोबाईल लूट कर ले गये। रिपोर्ट पर थाना सारणी में धारा 310(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने प्रकरण की गहन जांच प्रारंभ की। प्रकरण की विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य कर थाना सारणी पुलिस ने 5 आरोपीगण रविन्द्र उर्फ भोला, अमन कवडे,आकाश सलाम,राहुल उईके,विजेन्द्र सिंग को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 3 मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसोईकिल एवं चाकू जप्त किया गया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक सुनिल गौर,सउनि अनिल मोर्य, प्रधान आरक्षक किशनलाल सेलू, आरक्षक मोहित भाटी,मोनू उईके,सुभाष मंडलोई, रविमोहन दर्शमा की सराहनीय भूमिका रही।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**बैतूल।** जमनिया क्षेत्र में खेत पर काम कर रहे एक युवक की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। घटना के समय उसकी पत्नी भी साथ थी, जो सुरक्षित बच गई। मृतक की पहचान झल्लार थाना क्षेत्र के ग्राम बालनेर निवासी 30 वर्षीय सुरेश पिता गुलाबिया के रूप में हुई है। वह अपनी ससुराल ग्राम गंगाजी ढाना, जमनिया में पत्नी रामरती के साथ खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सुरेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे में उसकी पत्नी रामरती को कोई चोट नहीं आई। शनिवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण आकाशीय बिजली गिरना बताया गया है।

### 10वीं की छात्रा ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

**बैतूल।** गौठाना क्षेत्र में 10वीं कक्षा में पढने वाली एक 16 वर्षीय छात्रा की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे जब उसकी तबीयत अचानक बिगडऩे लगी, तो पड़ोसियों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, जिस समय छात्रा ने यह कदम उठाया, उस वक्त उसके माता-पिता घर पर मौजूद नहीं थे। प्रारंभिक जांच और जानकारी के मुताबिक, घर में लंबे समय से पारिवारिक कलह चल रही थी और आए दिन विवाद होते रहते थे। पुलिस को घटनास्थल से कुछ संदिग्ध पुडियां मिली हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि छात्रा ने सल्फास खाकर आत्महत्या की है।

### प्रमेश सिंह राजपूत बने करणी सेना परिवार के जिला सह मीडिया प्रभारी

**बैतूल।** करणी सेना परिवार मध्यप्रदेश की बैतूल जिला इकाई ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए बैतूल निवासी प्रमेश सिंह राजपूत को जिला सह मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार, प्रमेश सिंह राजपूत का कार्यकाल 25 जून से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। नियुक्ति पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है।

---

### मेडिकल स्टोरों की बढ़ती संख्या पर उठे सवाल, अनदेखी से लग रही चपत

# दवाओं के बगैर पक्के बिल के हो रहा है करोड़ों रुपए का व्यापार

*नियमों के पालन और दवा बिक्री व्यवस्था की निष्पक्ष जांच की मांग, लाइसेंस व्यवस्था और प्रतिबंधित दवाओं की उपलब्धता को लेकर बढ़ी*



असलम अहमद ▶▶ मुलताई

नगर में जीवनरक्षक दवाइयों के कारोबार को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। आम नागरिकों का कहना है कि दवा जैसा संवेदनशील और जीवन-मृत्यु से जुड़ा क्षेत्र भी अब अनियमितताओं की आशंकाओं से घिरता जा रहा है। बिना पक्के बिल के दवाओं की बिक्री, लाइसेंस संबंधी नियमों के पालन पर संदेह तथा प्रतिबंधित दवाओं की कथित आसान उपलब्धता जैसे मुद्दों ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से मेडिकल स्टोरों की व्यापक और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। जानकारों का कहना है कि नगर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान मेडिकल स्टोरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। आरोप है कि कई स्थानों पर लाइसेंस किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर है, जबकि संचालन कोई और कर रहा है। यदि ऐसा है तो यह गंभीर जांच का विषय है। औषधि व्यवसाय से जुड़े नियमों के अनुसार मेडिकल स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपलब्धता तथा निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है।

#### बिना बिल दवा खरीदने से उपभोक्ता को हो सकता है नुकसान

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक दवा की खरीद पर उपभोक्ता को पक्का बिल लेना चाहिए। यदि दवा का बिल नहीं मिलता, तो भविष्य में किसी प्रतिकूल प्रभाव या दवा संबंधी विवाद की स्थिति में यह साबित करना कठिन हो जाता है कि संबंधित दवा किस मेडिकल स्टोर से खरीदी गई थी। ऐसे मामलों में उपभोक्ता के अधिकार भी प्रभावित हो सकते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पवार का कहना है कि कई बार चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा के स्थान पर उसका विकल्प (सब्स्टीट्यूट) दिया जाता है, लेकिन इसकी स्पष्ट जानकारी हमेशा उपभोक्ता को नहीं दी जाती। उनका कहना है कि मरीज को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उसे डॉक्टर द्वारा लिखी गई वही दवा दी जा रही है या उसके स्थान पर कोई वैकल्पिक दवा उपलब्ध कराई जा रही है। बीमारी और दवाइयों का भार आम आदमी के लिए बड़ी मुसीबत है। किशोरी पवार बताते हैं कि स्थानिय मेडिकल दुकानों पर दवाइयों का बिल नहीं दिया जाता और हर आदमी पढ़ा लिखा होता नहीं कि, वह दवाइयों पर लिखे प्रिंट रेट को मिला सके। मेडिकल संचालक ग्राहकों को दी जाने वाली दवाइयों का हिसाब अपने पास रखें कोरे कागज पर लगाकर पैसे बता देता है और मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा बताए गए पैसे देना ग्राहक की मजबूरी होती है।

#### प्रतिबंधित दवाओं की उपलब्धता पर भी उठ रहे प्रश्न

नगर में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि कुछ प्रतिबंधित अथवा नियंत्रित दवाएं कथित रूप से बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के उपलब्ध हो जाती हैं। यदि ऐसा हो रहा है तो यह गंभीर मामला है, क्योंकि ऐसी दवाओं के दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में औषधि प्रशासन द्वारा समय-समय पर सघन जांच अभियान चलाए जाने चाहिए।

#### जहरीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी निगरानी की जरूरत

प्रशासन द्वारा पूर्व में मेडिकल स्टोर संचालकों को जहरीले पदार्थों और नियंत्रित दवाओं की बिक्री निर्धारित नियमों के अनुसार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद यदि ऐसे पदार्थ बिना आवश्यक औपचारिकताओं के उपलब्ध हो रहे हैं, तो यह जांच का विषय है। नागरिकों का मानना है कि ऐसे मामलों में नियमित निरीक्षण और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। दवा व्यवसाय से जुड़े नियमों के अनुसार मेडिकल स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट का होना आवश्यक है। डी.फार्म या बी.फार्म जैसी निर्धारित शैक्षणिक योग्यता तथा संबंधित फार्मेसी परिषद में पंजीकरण के बाद ही फार्मासिस्ट के रूप में कार्य किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दवा केवल एक व्यापार नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकती है।

#### निष्पक्ष जांच की मांग

नगर के नागरिकों ने जिला प्रशासन और औषधि नियंत्रण विभाग से मांग की है कि मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण किया जाए, बिना बिल दवा बिक्री, लाइसेंस की वैधता, पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपलब्धता तथा प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री संबंधी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और पारदर्शी दवा व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

#### इनका कहना है

जैसा कि आपने संज्ञान में लाया है तो देखते हैं कि कौन-कौन सी प्रतिबंध और जेनेरिक दवाई मेडिकल स्टोर से बिक रही है। जहां तक रूटीन जांच का मामला है, संपूर्ण जिले की होती है। किंतु आपने कहां है तो बगैर बिल के दवाओं का व्यापार और प्रतिबंधित दवा कहां बिक रही है यह भी देखेंगे।

**संजय जादौन,** ड्रग इंस्पेक्टर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, जिला बैतूल

---

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजन

## नशा ही नाश की जड़, युवा इससे दूर रहें : मधु चौहान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आठनेर

26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर के निर्देशन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आठनेर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं,बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट तथा अन्य मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति के शारीरिक,मानसिक,सामाजिक और आर्थिक जीवन को खोखला कर देता है।यह बिल्कुल सही बात है कि नशा ही नाश की जड़ है। आठनेर नगर मंडल अध्यक्ष एवं परामर्शदाता गोवर्धन राने ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कि नशे की लत से अनेक गंभीर बीमारियाँ,मानसिक तनाव,अवसाद,हृदय एवं फेफड़ों के रोग,कैंसर जैसी घातक समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। इसके साथ ही पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा,सडक़ दुर्घटनाएँ,अपराध, बेरोजग़ारी, आर्थिक तंगी तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में गिरावट जैसी समस्याएँ भी नशे की देन हैं। हम कितने महामूर्ख हैं कि हम नशे के रूप में पैसा देकर बीमारियां खरीदते हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि क्षणिक आनंद के लिए अपनाई गई नशे की आदत जीवनभर का अभिशाप बन सकती है,इसलिए नशे से दूर रहकर धर्म,संस्कृति,समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि नशे की रोकथाम केवल कानून के माध्यम से संभव नहीं है, बल्कि परिवार, विद्यालय, सामाजिक संस्थाओं और प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करे तो एक स्वस्थ,सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशे का सेवन न करने, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

---

### नशा मुक्त अभियान में प्रतियोगिता

## नशा मुक्त युवा से ही विकसित भारत की सशक्त पहचान बनेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नशा व्यक्ति को ही नहीं परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी घातक है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान थीम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सातनकर के नेतृत्व 17 से 26 जून 2026 तक नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रासेयो द्वारा महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं ने छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस मौके प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे ने कहा कि नशा मुक्त युवा से ही विकसित भारत की सशक्त पहचान बनेगी। कार्यक्रम में रासेयो के जिला संगठक डॉ.जीपी साहू ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सातनकर ने कहा कि रासेयो का उद्देश्य समाज में सेवा, जागरूकता एवं सकारात्मक परिवर्तन लाना है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वस्थ, जागरूक एवं नशा मुक्त भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो.मुकेश पाण्डोले, दुर्गेश उइके, राजनंदनी चौहान, छात्र-छात्राओं में मनीषा विश्वकर्मा, रश्मि उइके, चांदनी लोखंडे, प्रेरणा सातपुते, रजनी, भारती, श्रुति माहौर, दिव्या धुर्वे, वैष्णवी निगम, रिटिशा खड़से आदि मौजूद थे।

---

### कॉलेज चौक पर पाइपलाइन लीकेज की युद्धस्तर पर हो रही मरम्मत



**बैतूल।** शहर के कॉलेज चौक पर पेयजल पाइपलाइन में हुए लीकेज को नगरपालिका द्वारा युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। नगरपालिक प्रशासन का उद्देश्य शहरवासियों को निर्बाध एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी नागरिक को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। मरम्मत कार्य तेजी से जारी है और इसे जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कॉलेज चौक पर पिछले कई दिनों से पेयजल पाइपलाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई थी। इसे देखते हुए संबंधित अमले को तत्काल मौके पर लगाया गया और युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। प्रशासन का कहना है कि पाइपलाइन की मरम्मत पूरी होने के बाद संबंधित स्थान पर सडक़ की मरम्मत का कार्य भी नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा कराया जाएगा, जिससे आवागमन पूरी तरह सुचारु हो सके। नगरपालिका परिषद बैतूल ने शहरवासियों को भरोसा दिलाया है कि मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कर पेयजल आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि आवश्यक कार्य पूर्ण होने तक सहयोग बनाए रखें, ताकि मरम्मत कार्य बिना किसी बाधा के समय पर पूरा किया जा सके।

---

## जागरुकता : हाट बाजार में नागरिकों को बताए ऑन लाइन सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भौंरा पुलिस चौकी द्वारा साप्ताहिक हाट बाजार में सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों, विशेष रूप से महिलाओं को साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी और जागरूकता पंपलेट वितरित किए। पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने महिलाओं को सोशल मीडिया, ऑनलाइन बैंकिंग और मोबाइल एप्लीकेशन के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पिन और पासवर्ड साझा न करें तथा अनजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। इसके साथ ही ऑनलाइन चैट पर निजी या आपत्तिजनक फोटो-वीडियो साझा नहीं करने और किसी के कहने पर एनीडेस्क, टीम व्यूअर अथवा क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड नहीं करने की सलाह दी गई। पुलिस ने लोगों को ऑनलाइन गिफ्ट, लॉटरी, कस्टम ड्यूटी, कैशबैक, नौकरी, लोन, बीमा और शॉपिंग ऑफर के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से भी सतर्क रहने को कहा। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति, दुर्घटना, बीमारी या मृत्यु का बहाना बनाकर यदि कोई व्यक्ति तत्काल पैसे मांगता है तो पहले अन्य विश्वसनीय माध्यमों से उसकी पुष्टि अवश्य करें। जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। इसमें मजबूत पासवर्ड रखने, समय-समय पर पासवर्ड बदलने, सोशल मीडिया खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखने, प्रोफाइल की प्राइवेसी सेटिंग का उपयोग करने तथा केवल विश्वसनीय और अधिकृत ई-कॉमर्स वेबसाइट एवं एप का उपयोग करने की सलाह दी गई। चौकी प्रभारी नीरज खरे ने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर पीड़ित व्यक्ति को बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धोखाधड़ी की राशि को रोका जा सके।

---

### आयुक्त ने की कार्रवाई

## भीमपुर जनपद पंचायत सीईओ नानसिंह चौहान निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नानसिंह चौहान को विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार लापरवाही, प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना तथा विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं। यह कार्रवाई आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग द्वारा जारी आदेश के तहत की गई है।

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला पंचायत बैतूल रहेगा। सेवा आयुक्त द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि कलेक्टर बैतूल की रिपोर्ट और समीक्षा बैठकों में बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इसके चलते मध्यप्रदेश सिविल (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत यह कार्रवाई की गई है। जारी आदेश के अनुसार भीमपुर जनपद में कई महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। 39 समस्या ग्रस्त ग्रामों में से 18 गांवों की पेयजल समस्या अब भी लंबित है। जल गंगा अभियान-2026 के कार्यों में जिले में सबसे कम प्रगति दर्ज की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्यः योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य नहीं किए गए। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन, संबल योजना, ई-केवाईसी, पोषण वाटिका सहित विभिन्न योजनाओं में भी लापरवाही पाई गई।

उच्च न्यायालय से जुड़े मामलों में समय पर जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तथा राजभवन के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में भी गंभीर लापरवाही सामने आई। 2 मई 2026 की आगजनी घटना के दौरान बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित रहने का उल्लेख भी आदेश में किया गया है। आयुक्त ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि कलेक्टर द्वारा समीक्षा बैठकों में कई बार निर्देश दिए गए, लेकिन कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ।

---

### उड़ान... सपनों की समारोह में श्री विनायकम स्कूल ने किया सम्मानित

## विद्यालय के 25 वर्ष पूरे, टॉपर्स को मिले लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

श्री विनायकम स्कूल ने अपनी 25 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को विद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह उड़ान... सपनों की का आयोजन किया। शिक्षा, संस्कार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित इस समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया तथा विद्यालय की शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं नवाचार आधारित उपलब्धियों को साझा किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय परिवार ने उन मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जिन्होंने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया। सीबीएसई कक्षा 12 गणित संकाय के छात्र नीरज नहारिया को 95 प्रतिशत अंक अर्जित करने तथा मध्यप्रदेश बोर्ड कक्षा 12 वाणिज्य संकाय के छात्र कृतिक नागले को 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं नर्सरी से कक्षा 12 तक के विभिन्न



वर्गों में शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्याम साहू ने कहा कि उड़ान... सपनों की विद्यार्थियों के सपनों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य जिम्मेदार, संस्कारित, आत्मविश्वासी और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाले नागरिक तैयार करना है। विद्यालय के डायरेक्टर संजय राठौर ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में श्री विनायकम स्कूल ने विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ उनके सपनों को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी विद्यालय परिवार के लिए विशेष है और उसकी सफलता पूरे संस्थान का गौरव है। आने वाले वर्षों में शिक्षा, खेल, संस्कृति, विज्ञान और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्टता स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

#### उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ा रहे विद्यार्थी

विद्यालय ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणामों की अपनी परंपरा को भी रेखांकित किया। विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों में पलक राठौर ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला मेरिट में तृतीय स्थान हासिल किया था, जबकि रोशनी पवार ने 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिला मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यश पवार ने स्टेट मेरिट में दसवीं रैंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया था। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष नीरज नहारिया और कृतिक नागले ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता का नया अध्याय जोड़ा है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों का श्रेय अनुभवी शिक्षकों के समर्पण, आधुनिक शिक्षण पद्धति, नियमित शैक्षणिक मूल्यांकन और अभिभावकों के सतत सहयोग को दिया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में स्थापित श्री विनायकम स्पोर्ट्स अकादमी के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को प्रारंभिक स्तर से पहचानकर वैज्ञानिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

खबर संक्षेप



## प्रधान जिला न्यायाधीश ने सब जेल का किया निरीक्षण

**भैरुंदा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने भैरूंदा सब-जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल में नशामुक्ति एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उन्होंने बंदियों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशे की लत जीवन को बर्बाद कर देती है एवं कई अपराध नशे के कारण होते हैं। उन्होंने बंदियों से कहा कि यदि आप नशा छोड़ना चाहते हैं तो पूरे मन से संकल्प लें। इस अवसर पर सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बंदियों को बताया कि यदि वे नशा छोड़ना चाहते हैं तो उनकी लत निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र के माध्यम से छुड़ाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव उनकी मदद करेगा। इस दौरान उन्होंने नालसा डॉन स्कीम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर में बंदियों के विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई, बंदियों से स्वास्थ्य की जानकारी ली गई एवं संपूर्ण जेल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बंदियों की समस्याओं को सुना और यथोचित निराकरण भी किया।

### लोगों का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस की नाक के नीचे यह सब हो रहा है, नहीं होती कोई ठोस कार्रवाई

# माफिया बेखौफः सड़क पर रेत डालकर हो रहा कारोबार, आमजन और वाहन चालक परेशान

### छीपानेर मुक्तिधाम को भी नहीं छोड़ा, आस पास पर लगा दिए रेत के बड़े बड़े ढेर, शव के अंतिम संस्कार करने के लिए भी लोगों को भी उठानी पड़ रही मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा के छीपानेर से लेकर चौरसाखेड़ी और आसपास के गांवों में इन दिनों रेत माफियाओं का दबदबा साफ दिखाई दे रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब उन्हें प्रशासन का कोई डर नहीं रह गया है। आम लोगों के चलने के लिए बनी सड़क को ही उन्होंने अपने कारोबार का जरिया बना लिया है, जिससे रोजाना राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

दिन के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए रेत लाकर सड़क पर खुलेआम डंप की जाती है। इसके बाद रात में उसी रेत को डंपरों में भरकर बाहर भेज दिया जाता है। छीपानेर से रानीपुरा-चौरसाखेड़ी और खासकर ग्राम नारायणपुरा के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह रेत के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। कई जगह तो सड़क के बीचों-बीच रेत डाल दी गई है, जिससे रास्ता संकरा हो गया है।

स्थिति तब और खराब हो जाती है जब ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क के बीच में खड़ा कर दिया जाता है। रेत भरने के दौरान पूरी सड़क बंद हो जाती है और लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, काम पर जाने वाले लोग और मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा संवेदनशील मामला छीपानेर मुक्तिधाम के रास्ते का है। यहां भी रेत माफियाओं ने सड़क पर कब्जा कर लिया



**भैरुंदा।** नारायणपुरा मार्ग पर रेत का स्टॉक करते हुए टैक्टर-ट्राली।



**भैरुंदा।** सड़क पर रेत माफियाओं का कब्जा रेत के बड़े बड़े ढेर लगा दिए

है और रेत के ढेर लगा दिए हैं। इससे अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जाने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बेहद दुखद और शर्मनाक स्थिति है, जहां अंतिम यात्रा तक में बाधा आ रही है।

#### लगातार जारी है अवैध रेत उत्खनन

मुक्तिधाम क्षेत्र में आसपास के कई गांवों के लोग अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। बारिश के मौसम में यहां पहले से ही परेशानी रहती है, ऊपर से रास्ता बाधित होने से स्थिति और भी खराब हो गई है।इधर नर्मदा घाटों से लगातार अवैध रेत उत्खनन भी जारी है। वहां से सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत भरकर लाई जाती है और सड़क किनारे जमा कर दी जाती है। सड़क पर फैली रेत के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। कई लोग घायल भी हो चुके हैं और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

एक और गंभीर बात यह है कि रेत ढोने वाले कई ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नंबर प्लेट के चल रहे हैं। कुछ चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है, वहीं नाबालिग भी वाहन चलाते देखे जा रहे हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो जिम्मेदार की पहचान करना मुश्किल हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस इस पूरे मामले से अनजान बने हुए हैं। न तो नियमित जांच की जा रही है और न ही रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और लोग जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

#### जल्द ही कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में जानकारी मिली है। जल्द ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी जाएगी और सड़क पर रेत का अवैध स्टॉक करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सुधीर कुशवाह,** एसडीएम

## गोपालपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब व गांजा का कारोबार चरम पर, पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल




**भैरुंदा।** तहसील भैरुंदा के थाना गोपालपुर क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो रही है। गांव-गांव में यह कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर महिलाओं और बच्चों पर इसका असर साफ देखा जा रहा है। इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में देशी-विदेशी शराब और गांजे की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। कई गांवों की महिलाएं इस समस्या को लेकर थाना गोपालपुर पहुंचकर आवेदन दे चुकी हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोगों का आरोप है कि पुलिस केवल औपचारिक कार्रवाई कर रही है, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि शराब की वजह से घरों में विवाद बढ़ रहे हैं और युवाओं के साथ-साथ छोटे बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके चलते गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कई बार सख्त कार्रवाई की मांग की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

इधर, पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने का दावा जरूर किया जा रहा है। हाल ही में गोपालपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दीपक पिता अनिल यादव और सागर पिता गजानंद यादव, दोनों निवासी गोपालपुर को पकड़कर उनके पास से करीब 850 ग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 12 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही आरोपियों के पास से करीब 70 हजार रुपये कीमत की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। कुल मिलाकर करीब 82 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनके एक अन्य साथी राहुल यादव निवासी अतरालिया की तलाश की जा रही है।

हालांकि, इस कार्रवाई के बावजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल छोटी-मोटी कार्रवाई है, जबकि बड़े स्तर पर चल रहे अवैध कारोबार पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़े माफिया अब भी बेखौफ होकर अपना काम कर रहे हैं और पुलिस की नजर उन तक नहीं पहुंच रही है।

### एमपी टास्क पोर्टल की अंतिम तिथि 30 तक

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास और आश्रमों का **MP TAASC** मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2026-27 में जो विद्यार्थी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें, बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीयन के लिए वेबसाईट पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण किया जा सकता है। विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है उस छात्रावास से निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त करें और पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ (जैसे-जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी समग्र आईडी, आधार नंबर, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची) छात्रावास में अधीक्षक के पास 30 जून 2026 तक जमा करा सकते है।

## श्री नृसिंह मानस मंडल ने दी भजनों की प्रस्तुति



**सीहोर।** लगातार 35 सालों से श्री नृसिंह मानस मंडल के तत्वाधान में शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रत्येक ग्यारस पर भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी दो दिवसीय भजन संध्या का समापन शुक्रवार को किया गया। इस मौके पर भगवान का फूलों से श्रृंगार कर निर्जला एकादशी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मंदिर के संत माधवदास महाराज, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, सुनील राय, मनोज दीक्षित मामा आदि ने मंडल के दुर्गेश यादव, विष्णु सेन, देवी सिंह, मिथलेश शर्मा, जसवंत ठाकुर, रमेश मेवाड़ा, विनित विश्वकर्मा आदि का स्वागत सम्मान किया।

इस मौके पर संत माधव महाराज ने कहाकि निर्जला एकादशी का व्रत ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को किया जाता है। हिन्दू धर्म में एकादशी व्रत का मात्र धार्मिक महत्त्व ही नहीं है। ये व्रत मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के नज़रिए से भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु की आराधना को समर्पित होता है। इस एकादशी का व्रत करके श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए। इस दिन विधिपूर्वक जल कलश का दान करने वालों को पूरे साल की एकादशियों का फल मिलता है। इस प्रकार जो इस पवित्र एकादशी का व्रत करता है, वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है।

एक बार बहुभोजी भीमसेन ने व्यासजीके मुख से प्रत्येक एकादशी को निराहार रहने का नियम सुनकर विनम्र भाव से निवेदन किया कि महाराज! मुझसे कोई व्रत नही किया जाता। दिन भर बड़ी तीव्र क्षुधा बनी ही रहती है। अतः आप कोई ऐसा उपाय बतला दीजिये जिसके प्रभाव से स्वतः सद्गति हो जाय। तब व्यासजी ने कहा कि तुमसे वर्षभर की सम्पूर्ण एकादशी नहीं हो सकती तो केवल एक निर्जला कर लो, इसीसे सालभर की एकादशी करने के समान फल हो जाएगा।

## भाजपा ने मनाया काला दिवस, लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित




**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी सीहोर द्वारा भाजपा जिला कार्यालय पर काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल संविधान की मूल भावना, नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार था। सत्ता के अहंकार में लाखों देशभक्तों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी काला दिवस के माध्यम से उन लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को नमन करती है, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए कठिन यातनाएं सहन कीं, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वर्तमान पीढ़ी को आपातकाल की वास्तविकता से अवगत कराना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। इसके बाद जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती उन अनगिनत लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान अन्याय और तानाशाही के विरुद्ध आवाज बुलंद की। आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि लोकतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि देशवासियों की आस्था और अधिकारों का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करती रही है। आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव का विषय है तथा उनके त्याग से प्रेरणा लेकर हमें लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। इसके पश्चात मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मीसाबंदियों में प्रमुख रूप से रमेश राठौर, लीलाधर मिश्रा, बालकृष्ण नामदेव, सुदर्शन महाजन, अशोक महाजन, राजमल मेवाड़ा, कस्तूरचंद्र परिहार तथा हरिदयाल सक्सेना के परिवारजन शामिल रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना गगन नामदेव द्वारा रखी गई।

इसमें अतिथियों के अतिरिक्त प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नेता सन्नी महाजन, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जसपाल अरोरा, विपिन सास्ता, राजकुमार गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति एवं सुशील ताम्रकार मंचासीन रहे। इसके अतिरिक्त भाजपा कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर, भाजपा नेता रवि नागले, सह प्रभारी पवन जैन, हरीश राठौर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### विशाल जनजागरुकता रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश

# हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर लिया गया नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर "नशा मुक्त भारत अभियान" अंतर्गत सीहोर में जनजागरूकता रैली एवं जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। यह जनजागरूकता रैली आवासीय खेलकूद संस्थान से प्रारंभ हुई और पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रैली का समापन हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि "नशा मुक्त भारत अभियान" का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं को नशे की लत से दूर कर स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। नशे के विरुद्ध जनभागीदारी ही इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर अतिथियों ने हस्ताक्षर अभियान में




भाग लेकर सभी को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया और सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

अभियान के दौरान मिनी मैराथन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट सहित अनेक जनजागरूकता गतिविधियां जिले की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में आयोजित की गई थीं। रैली में ऑक्सफोर्ड स्कूल बैंड द्वारा आकर्षक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में समाजसेवी अरुणा सुदेश राय, सुदीप प्रजापति, आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा अंकुर शर्मा, ओम शांति, सहायक संचालक महेश यादव सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक शमिल हुए।

## गोमाता की रक्षा के लिए अपने प्राण भी अर्पित कर देंगेः पं. मोहितराम पाठक

### श्रीराम गोशाला गोतीर्थ चिकित्सालय में बीमारऔर दुर्घटनाग्रस्त के ऑपरेशन किए जा रहे हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आदि अनादि काल से भारतीय संस्कृति में गोमाता को माँ का दर्जा दिया गया है। हमारे वेद, पुराण और शास्त्रों में गौमाता को ईश्वर के समान पूज्यनीय बताया गया है। इसी सनातन परंपरा को जीवित रखते हुए श्रीराम गोशाला गोतीर्थ चिकित्सालय परिसर, सीहोर में प्रतिदिन बीमार, पीड़ित और दुर्घटनाग्रस्त गौमाताओं का उपचार एवं जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। यह पुण्य कार्य कथा व्यास, परम गोभक्त एवं क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितराम पाठक के सानिध्य में निरंतर चल रहा है। उनके मार्गदर्शन में समर्पित डॉक्टरों की टीम दिन-रात गौसेवा में लगी हुई है। इस टीम में डॉ. मनोहर घावरी, सौरभ राठौर, रोहन यादव, जितेंद्र नारोलिया, शुभम मालवीय, जितेंद्र परमार, वीरेंद्र मालवीय, मनीष नामदेव, राजकुमार मालवीय, विजय नामदेव सहित अनेक गोसेवक तन-मन-धन से सेवा में जुटे हुए हैं। पंडित मोहितराम पाठक ने कहा कि गोमाता की रक्षा के लिए यदि हमें अपने प्राण भी देने पड़ें, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। उनका यह संकल्प केवल शब्द नहीं, बल्कि हर दिन की सेवा में साकार होता दिखाई देता है। लेकिन एक ओर जहां गोशालाओं में सेवा और समर्पण की गंगा बह रही है, वहीं दूसरी ओर समाज में गोमाता के साथ हो रही अमानवीय घटनाएं अत्यंत पीड़ादायक हैं। जगह-जगह गोमाताएं कचरे के ढेर में प्लास्टिक और करकट खाने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर उन्हें मारा-पीटा जाता है, और गौहत्या जैसी घटनाएं आज भी देश की आत्मा को झकझोर रही हैं। हजारों गोमाताएं हर दिन सूरज की पहली किरण के साथ इस पावन भारत भूमि पर असहाय अवस्था में कष्ट झेल रही हैं। इतिहास साक्षी है कि मालवा की पुण्यश्लोका महारानी माता अहिल्याबाई होल्कर ने गोमाता की रक्षा और सेवा का जो व्रत लिया था, उसे पूरी निष्ठा से निभाया। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। समाज के हर वर्ग को यह समझना होगा कि गोमाता केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है।

### शादी डॉटकॉम पर महिला की सचिव से जान पहचान हुई थी

# जबलपुर की विवाहित महिला ने दर्ज कराया हरदा के पंचायत सचिव के खिलाफ दुष्कर्म का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जबलपुर जिले की एक विवाहित महिला ने हरदा जिले के एक पंचायत सचिव के खिलाफ गुरुवार को दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। महिला थाने में ग्राम कमताड़ा निवासी और वर्तमान में ग्राम पंचायत धनवाड़ा के सचिव हेमंत सिंह राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 और 351(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

पीड़िता ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी जबलपुर निवासी अखिलेश (परिवर्तित नाम) से हुई थी, जिनसे उसकी पहले से पहचान थी। 14 जून 2021 को उनका प्रेम विवाह हुआ था और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। कुछ समय बाद पति शराब के नशे में मारपीट करने लगा और अन्य लोगों से बातचीत पर शक करता था, जिससे उनके बीच आए दिन विवाद होता था। इसके बाद दोनों ने तलाक लेने का फैसला किया। महिला का कहना है कि उसका पति से विवाद है, इस वजह से अलग रहती है। इसी बीच, पीड़िता की पहचान शादीडॉटकॉम पर हरदा जिले के ग्राम कमताड़ा निवासी पंचायत सचिव हेमंत सिंह राजपूत से हुई। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई। हेमंत सिंह राजपूत पीड़िता से मिलने उसके घर आया और बताया कि उसकी पत्नी ने 15 अप्रैल को सल्फॉस खाकर आत्महत्या कर ली थी और वह एक नए जीवनसाथी की तलाश कर रहा है। दोनों ने एक-दूसरे को पहले से शादीशुदा और दो-दो बच्चों के माता-पिता होने की बात बताई थी। पीड़िता ने




बताया कि पति अखिलेश से अनबन के चलते वह एक मॉल में नौकरी कर अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रही थी। आरोपी हेमंत सिंह राजपूत के प्रस्ताव के बाद वह 21 जनवरी को अपना ट्रांसफर कराकर हरदा आ गई। हरदा आने के बाद जब वह एक होटल में रुकी, तो उसे आरोपी का मोबाइल हाथ लगा। आरोपी वर्तमान में ग्राम पंचायत धनवाड़ा के सचिव पद पर पदस्थ है।

### अन्य महिलाओं की तस्वीरें

मोबाइल में उसने आरोपी की अन्य महिलाओं के साथ आपत्तिजनक तस्वीरें देखीं। जब पीड़िता ने इस बारे में पूछताछ की, तो आरोपी ने पहले ही दिन उसके साथ मारपीट की। हालांकि, कुछ देर बाद उसने माफी मांगी और फिर नजदीक आए और इसके बाद छीपाबड़ थाना क्षेत्र में एक किराए के मकान में रखा। जहां आने वाले सभी लोगों को वह उसे अपनी पत्नी बताया करता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी की हरकतों से तंग आकर उसने 17 मार्च 2026 को जहर खाकर जान देने की कोशिश की। इसके बाद उसे रात के समय जंगल मे अकेली छोड़ दिया। जिसको लेकर उसने छीपाबड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ति का आरोप है कि आरोपी सचिव का उसके साथ साथ झारखंड, हिमाचल एवं जबलपुर की एक महिला के साथ भी अवैध सम्बंध हैं। जिसके फोटो उसे उसके मोबाइल पर मिले और एक महिला को बिना शादी किए वह अपने घर मे रखा हुआ है।

### महिलाओं को बनाता शिकार

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सचिव सरकारी नौकरी होने के चलते शादी डॉटकॉम के माध्यम से तलाकशुदा या जरूरतमंद महिलाओं से दोस्ती करता है। जिसमें महिलाओं का विश्वास जीतने वह उनके एकाउंट में एक मोटी रकम जमा करता। उसने बताया कि जब उससे दोस्ती हुई तो पहली ही बार में आरोपी ने बच्चों की फीस ओर अन्य जरूरतों को पूरा करने के नाम पर 49 हजार रुपए उसके खाते में डाले थे, जो कुछ दिनों बाद वापस ले लिए। आरोप लगाया जब उसके घर में एक अन्य महिला बिना शादी के रहने लगी और उसने आपत्ति जताकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई तो आरोपी ने उसके पति अखिलेश और एक अन्य महिला के माध्यम से उसकी ओर हेमंत राजपूत की फोटो को 17 जून को सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वहीं उसे और उनके दोनों बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने आरोपी से अपनी जान को खतरा होना बताया है। महिला थाना टीआई निकिता विल्सन ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है।

### आकांक्षी ब्लाक में बुनियादी शिक्षा बदहाल

# कुकड़िया-मुहाल के शिक्षक ने मुखिया से कहा खेत में फसल-बुआई के बाद खोलूंगा स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

महामहिम राज्यपाल मंगु पटेल का रविवार को आगमन हो रहा है और इस आकांक्षी-ब्लाक में बेलगाम बुनियादी-शिक्षा की बदहाल-स्थिति उजागर हो गई है। अभी भी नवीन-शैक्षणिक-सत्र के शुरू होने के बाद भी कई स्कूलों में ताले पड़े हैं और कतिपय शिक्षक अपने खेतों में फसल-बुआई में जुटे हुए हैं। वहां के शिक्षक ने कहा है कि मैं अभी अपने खेत में फसल-बुआई कर रहा हूं और इसके बाद स्कूल खोलूंगा।

शा.प्रा.वि.कुकड़यिा मुहाल (नरवट) के शिक्षक ने वहां के मुखिया शेरसिंह पटेल को उक्त जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मैंने शिक्षक को स्कूल खोलने के लिए कहा था,लेकिन उक्त बात कहकर स्कूल खोलने से इनकार कर दिया। मुखिया ने बताया कि स्कूल-भवन भी पूरी तरह टूट चुका है और मेरे पशु-आहार रखे निजी कमरे में स्कूल लगता है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार के आदेश से 16 जून से नवीन-शैक्षणिक सत्र शुरु हो गया है,लेकिन स्कूलों में ताले पड़े हैं और जिम्मेदार अधिकारी सरकारी-आदेश का पालन नहीं करा पा रहें हैं। जनशिक्षा केंद्र के बीआरसी राघवेन्द्र जोशी ने राजपाल के दौरे की जानकारी देकर सवालों को टाल दिया। विदित रहे कि कक्षा 1 से 12 वीं तक शिक्षकों के 1523 पद स्वीकृत है। जिसमें से 677 शिक्षक कार्यरत हैं एवं 846 पद रिक्त हैं और अतिथि-शिक्षकों के भरोसे स्कूल चल रहें हैं। वनक्षेत्रों में भी खुल रहे निजी स्कूल इन हालातों में वन एवं पहाड़ी अंचलों तक निजी स्कूलें तेजी से खोली जा रही है। क्षेत्र में करीब 42 निजी स्कूलें संचालित हो रही है,इनमें कस्बे में करीब 18 और वनांचल एवं अन्य क्षेत्रों में करीब 24 स्कूलें हैं। जिन्हें पेसा एक्ट के नियमों का उल्लंघन कर,ग्राम सभाओं के परामर्श एवं अनापत्ति के बगैर अनुमति दी जा रही है। ज्ञातव्य रहे कि शिक्षा का अधिकार कानून 2009 में जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी खेमचंद सेन द्वारा मान्यता दी जा रही है। जिनके अधिकांश संचालक अन्य प्रान्तों और दूरस्थ जिलों के हैं। लेकिन आकांक्षी-ब्लाक में बुनियादी-शिक्षा की बदहाली से उनका स्थान निजी स्कूल ले रहें हैं।

### 42 आकांक्षी-ब्लाकों में झिरन्या भी

सरकार ने इस क्षेत्र को शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य-पोषण, सामाजिक-संरचना और बुनियादी-सुविधाओं के मामले में अत्यंत पिछड़ा माना है। जिससे राज्य के 42 आकांक्षी-ब्लाकों में झिरन्या भी शामिल है,जिसे नीति-आयोग (भारत सरकार) ने उक्त श्रेणी में रखा है। जिसमें योजनाओं में केंद्र 60% और राज्य 40% धनराशी आवंटित कर रहें हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नीति आयोग एक से डेढ़ करोड़ रूपये से पुरस्कृत कर रहा है।

### आकांक्षी-ब्लाक,बाजीगरी आंकड़ों की

देश के 500 आकांक्षी ब्लाकों में झिरन्या 13 वीं रेंक पर हैं और जमीनी हकीकत में आधी-अधूरी योजनाएं ही दिखाई देती है।लेकिन आकांक्षी- ब्लाक में आंकड़ों की बाजीगरी का खेल चल रहा है और सरकारी एवं निजी स्कूलों में शैक्षणिक- गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं की संख्या के आंकड़ों की बाजीगरी हो रही है।इस मामले में आकांक्षी-ब्लाक समन्वयक साक्षी राठौर ने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। बहरहाल, जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी सेन ने बीआरसी की अनुशंसा से 19 प्राथमिक-शिक्षकों को जन शिक्षकों का प्रभार सौंपा है,जिससे भी हालात बिगड़ रहें हैं। फलस्वरूप अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं का रुझान निजी स्कूलों की ओर बढ़ रहा है।

### इनका कहना है

झिरन्या क्षेत्र में जहां कहीं भी है शिक्षकों की कमी है। वहाँ अतिथि शिक्षकों से स्कूल संचालित कर रहे हैं । अभी हाल ही में शिक्षकों के स्थानातंरण हुए हैं, उनके स्थान पर अन्य जिलों से शिक्षकों के आने का क्रम चल रहा है।

**कविता आर्य** सहायक आयुक्त जन जातीय विभाग खरगोन।

शैक्षणिक सत्र 16 जून से शुरू हो चुका हैं और स्कूल संचालित हो रहीं हैं। यदि कुकड़िया मुहाल में स्कूल बंद हैं तो शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जावेगी। कक्षा 1 से 8वीं तक के स्कूलों को बीआरसी देखते हैं मैं उनसे भी चर्चा करूंगा।

**राजेश तिवारी** बीईओ झिरन्या

## सिराली में महिला का शव मिला, हत्या की आशंका

हरदा। जिले के सिराली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुरा के पास शनिवार सुबह एक 35 वर्षीय महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला का शव किसान के खेत में बनी टपरी के बाहर खटिया पर पड़ा मिला। उसके शरीर पर डंडे से पिटाई के स्पष्ट निशान मिले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मृतका के पति पर ही हत्या का शक जताया जा रहा है। मृतका की पहचान सेवंती बाई पालवी (35) के रूप में हुई है। वह अपने पति बंशीलाल कोरकू और बच्चों के साथ ग्राम रामपुरा नहर के पास एक खेत में बनी टपरी में रहती थी। यह परिवार ग्राम बंदीमुहड़िया निवासी किसान बृजेश बांके के खेत में मजदूरी का काम करता था। मृतका की तीन बेटियां और एक बेटा है, जिनमें से सबसे बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल ने बताया कि महिला के शरीर पर चोट और डंडे से पिटाई के निशान मिले हैं। मृतका की सबसे छोटी बेटी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि रात में कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मां को शराब पिलाकर बाइक से घर छोड़ गया था। इसके बाद शनिवार सुबह उसकी मां का शव टपरी के बाहर खटिया पर मिला। परिस्थितियों और शुरुआती पूछताछ के आधार पर पुलिस को इस मामले में प्रथम दृष्टया महिला के पति बंशीलाल कोरकू पर ही हत्या का संदेह है। पुलिस को आशंका है कि चरित्र पर संदेह के चलते पति ने ही रात में डंडे से पीट-पीटकर सेवंती बाई की बेरहमी से हत्या कर दी है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है और पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घटनास्थल पर जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (ऋरछ) की टीम को भी बुलाया गया है। एफएसएल की जांच पूरी होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए खिरकिया भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट औरजांच के बाद ही घटना के कारणों का पूरी तरह से खुलासा हो सकेगा।

## खूंखार आवारा कुत्ते ने 19 लोगों पर हमला किया

हरदा। शुक्रवार शाम एक खूंखार आवारा कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। शहर के हरदौल बाबा मंदिर के पास शाम करीब 7 बजे से रात 9 बजे के बीच कुत्ते ने चार बच्चों सहित 19 लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अचानक हुए हमलों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए दुकानों और घरों के अंदर भागे, जबकि कुछ लोग छतों पर चढ़ गए। सूचना मिलने पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कुत्ते को पकड़कर अपने कब्जे में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ता लगातार लोगों पर हमला कर रहा था। वह अचानक पीछे से आकर लोगों को काट रहा था, जिससे किसी को संभलने का मौका भी नहीं मिल रहा था। करीब दो घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना रहा। घटना के समय सड़क पर मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कई लोग आसपास की दुकानों में घुस गए, जबकि कुछ लोग घरों की छतों पर चढ़कर खुद को सुरक्षित करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम कुत्ते को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंची। लेकिन कुत्ता इतना आक्रामक था कि उसने नगर पालिका की गाड़ी के ड्राइवर सागर झाझेट (26) पर भी हमला कर दिया। बताया गया कि जैसे ही ड्राइवर ने वाहन का गेट खोला, कुत्ते ने उस पर झपट्टा मारकर काट लिया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने लकड़ी से कुत्ते को काबू करने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने उसे पकड़कर वाहन में डाल दिया। कुत्ते के हमले में चार बच्चों सहित कुल 19 लोग घायल हुए हैं। घायलों में अनुराग महेश, अशोक प्रह्लाद, विशाल कमल, योगेश रामबक्श, सोनम अक्षय, मिथुन महेश और रामप्रसाद नबाव सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

